दैनिक भास्कर

बिलासपुर 01-07-2025

हाईकोर्ट के आदेश के बाद बरती जा रही सख्ती

# ढाबे-हाईवे पर खड़े 200 वाहनों का एक ही दिन में किया चालान

रायगढ़ | औद्योगिक राजधानी रायगढ़ में सड़कों पर खड़े भारी वाहनों की वजह से हादसे लगातार बढ़ रहे हैं। ढाबों और नेशनल हाईवे के किनारे बेतरतीब खड़े ट्रकों से दृश्यता कम हो जाती है, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। हाई कोर्ट ने इस मामले में राज्य शासन, एनटीपीसी और एसईसीएल से जवाब तलब किया है। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा है कि शासन कब तक आंखें मूंदे रहेगा। गोवर्धनपुर मार्ग पर बना वैकल्पिक रपटा बारिश में बह गया, जिसके बाद प्रशासन ने इस मार्ग पर प्रतिबंध लगा दिया। अब भारी वाहन शहर के भीतर से होकर नेशनल हाईवे जा रहे हैं, जिससे ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। ट्रैफिक विभाग ने एक ही दिन में 200 से ज्यादा वाहनों पर करीब 3 लाख रुपए का चालान किया है।